2. Our health is, of course, important not only to us, but also to our families and even to our employers. No wonder then that companies everywhere have a stake in the health and fitness of their employees and are willing to spend considerable money towards this purpose. Japanese companies particularly excel in this and the more successful among them start off the day with a body-bending and stretching session and even singing the company song designed to promote loyalty and motivation among the workforce! This is considered an important factor contributing to high productivity and quality. Here is a lesson which has been emulated elsewhere in the world and could work wonders in India. It is estimated that some 20,000 American firms have established in-house health clubs. Typical of these is the soft drink manufacturer Pepsi Cola which has spent about $2 million in setting up a health club at its head office in New York State. Such expenditure has proved to be a wise investment in achieving better efficiency and higher productivity. It has, indirectly, also helped reduce the premium on the health insurance of its staff. This business has grown so large that hundreds of consultancies have sprung up for the management of health clubs and fitness centres. In some cases, there is a nominal contribution by the employees on the premise that this way they will value and use the facilities all the more. Some insurance companies have teamed up with employers in such ventures as better health contributes to a longer life and hence more premium! Though many firms in India have generous medical schemes, the movement towards health clubs and the like is yet to gain momentum.

**112.** 'The movement towards health clubs is yet to gain momentum in India' signifies that

(1) insurance companies are getting good premium due to health clubs

(2) health clubs in Indian companies have not yet become popular

(3) due to health clubs, many consultancies have opened up

(4) health clubs are getting popular in Indian companies

**113.** What is directly affected by physical health?

(1) Business

(2) Efficiency

(3) Insurance premium

(4) Mind

**114.** Which one of the following words is opposite in meaning to the word 'nominal'?

(1) Cursory

(2) Simple

(3) Substantial

(4) Above-mentioned



**115.** Which one of the following words is nearest in meaning to the word 'prerequisite'?

(1) Required

(2) Optional

(3) Secondary

(4) Unnecessary

**116.** Which Part of Speech is the underlined word?

Japanese companies <u>particularly</u> excel in this.

(1) Adverb

(2) Noun

(3) Conjunction

(4) Adjective

**117.** Identify the clause in the underlined part of the sentence :

<u>It is estimated</u> that some 20,000 American firms have established in-house health clubs.

(1) Adjective clause

(2) Noun clause

(3) Principal clause

(4) Adverb clause

**118.** What is the prerequisite for high effect and good quality work?

(1) Health club

(2) Exercising and stretching

(3) Sound mind in a sound body

(4) Good quality office

**119.** Japanese companies ensure loyalty and motivation by making their workers

(1) drink healthy drinks

(2) sing the company's song

(3) join health clubs

(4) start off the day with exercising

**120.** Why do companies have health clubs?

(1) They attract profit to the company

(2) They help in better efficiency and high productivity of the workers

(3) Health insurance companies can tie up with these health clubs

(4) They attract more workforce

[ P.T.O.

Your Personal Exams Guide

## भाग—IV

### भाषा—I : हिन्दी

**निर्देश :** परीक्षार्थी भाग-IV (प्रश्न सं० **91** से **120**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-I** का विकल्प हिन्दी चुना हो।

**91.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

अभिकथन (A) : शुरुआती वर्षों में भाषाओं के अधिगम में देरी करना बच्चों के लिए नई भाषाओं के अर्जन में कठिनाई पैदा करता है।

कारण (R) : बच्चों के शुरुआती वर्ष भाषा अर्जन के लिए बहुत ही संवेदनशील अवधि होती है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(2) A सही नहीं है तथा R सही है।
(3) A सही है तथा R सही नहीं है।
(4) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

**92.** बहुभाषावाद के संदर्भ में बुनियादी चरण के राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (2022) का एक मुख्य सिद्धांत है

(1) बच्चे अपने शुरुआती वर्षों में नाना प्रकार की मौखिक भाषाएँ नहीं सीख पाते हैं
(2) बहुभाषावाद के संज्ञानात्मक और सामाजिक/सांस्कृतिक दोनों ही लाभ हैं
(3) बच्चों को अपने घर की भाषा भूलने में मदद करनी चाहिए और विद्यालय का मुख्य केन्द्र इस बात पर होना चाहिए कि बच्चे विद्यालय की भाषा सीखें
(4) कक्षा की बहुभाषिक प्रकृति पाठ्यचर्या के प्रभावशाली सम्प्रेषण में अवरोधक के रूप में कार्य करती है

**93.** कुछ वाक् समुदायों में एक ही भाषा के विविध प्रकार साथ-साथ विद्यमान हैं, सभी प्रकारों के सामाजिक कार्यों की विशिष्ट शृंखला है। इस स्थिति को किस रूप में वर्णित किया जाएगा?

(1) प्रयुक्ति
(2) द्विभाषाकृतिता (डिग्लॉसिया)
(3) बोली
(4) कोड मिश्रण (मिक्सिंग)

**94.** बच्चे अपने-अपने जोड़ीदार के साथ कार्य करते हैं। एक पाठ्य सामग्री को दो खंडों में विभाजित किया जाता है। एक बालक अपनी पाठ्य सामग्री अपने जोड़ीदार को पढ़कर सुनाता है और दूसरा बालक उसे सुनकर लिखता है। फिर दोनों समूची पाठ्य सामग्री पर कार्य करते हैं। इस गतिविधि को क्या कहेंगे?

(1) शब्द जाल
(2) आंशिक श्रुतलेख
(3) कथा वाचन
(4) जारी रहने वाला श्रुतलेख (रनिंग डिक्टेशन)

**95.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा की कक्षा में साहित्यिक पठन सामग्री के अध्ययन के बारे में सही **नहीं** है?

(1) साहित्यिक पठन सामग्री भाषा अधिगम के लिए सांस्कृतिक निवेश है
(2) साहित्यिक पठन सामग्री समालोचनात्मक चिंतन और विमर्श विकसित करती है
(3) साहित्यिक पठन सामग्री सराहना और आनंद के लिए है
(4) साहित्यिक पठन सामग्री का प्रयोग व्याकरण शिक्षण के लिए किया जाना चाहिए

**96.** कक्षा छः के विद्यार्थी नवीन को पाठ्य सामग्री के पठन में कठिनाई महसूस होती है। अध्यापक उसे कुछ सरल स्तर की पाठ्य सामग्री पढ़ने के लिए देता है। अध्यापक उसके लिए साझा पठन सत्रों का भी आयोजन करता है। अध्यापक द्वारा दी जा रही इस मदद को क्या कहा जाएगा?

(1) अवलम्बन (स्कैफोल्डिंग)
(2) मानस मंथन
(3) मेल-मिलाप करवाना (आइस-ब्रेकिंग)
(4) पठन तत्परता



**97.** भाषा शिक्षण-अधिगम का कौन-सा उपागम इस मत में विश्वास करता है कि 'भाषा एक आदत है'?

(1) सम्प्रेषणात्मक भाषा-शिक्षण
(2) प्राकृतिक उपागम
(3) सहयोगात्मक भाषा-अधिगम
(4) व्यवहारवाद

**98.** एक बच्चे को अपठित गद्य खंड पढ़ने के लिए दिया गया है। बच्चे को इसे पढ़कर उस गद्य खंड के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर देने हैं। इस प्रकार के पठन को किस रूप में जाना जाता है?

(1) विशिष्ट पठन
(2) सरसरी तौर पर पठन (स्किमिंग)
(3) विस्तृत पठन
(4) बारीकी से पठन (स्कैनिंग)

**99.** एक अध्यापक विद्यार्थियों को पाँच चित्र दिखाता है और इन चित्रों के आधार पर कहानी लिखने के लिए कहता है। यह गतिविधि किसका उदाहरण है?

(1) जिग्सॉ श्रुतलेख
(2) साझा पठन
(3) रचनात्मक लेखन
(4) दिखाओ और बताओ

**100.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा में प्रदर्शन-आधारित आकलन की विशेषता है?

(1) अन्तःक्रिया के बिना प्रदर्शन
(2) संदर्भ रहित परीक्षण प्रश्न
(3) संदर्भ सहित सम्प्रेषणात्मक कार्य
(4) बहुविकल्पिक प्रश्न

**101.** पठन के बारे में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A : पठन केवल अक्षर ध्वनि संबंध की समझ और शब्दों को सही प्रकार से उच्चारित करना भर है।

B : पठन अर्थ तक पहुँचने के लिए संकेतों को डिकोड करना है।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सही है लेकिन B गलत है
(2) B सही है लेकिन A गलत है
(3) A और B दोनों गलत हैं
(4) A और B दोनों सही हैं

**102.** एक अध्यापक को अपने विद्यार्थियों के श्रवण-कौशल का आकलन करना है। श्रवण-आकलन हेतु वह किस गतिविधि का चयन कर सकता है?

(1) अध्यापक कहानी सुनाता है और इसके बाद बोध-आधारित प्रश्न पूछता है
(2) अध्यापक बच्चों को कहानी पढ़ने के लिए कहता है और इसके बाद बोध-आधारित प्रश्न पूछता है
(3) अध्यापक शब्द-संपदा-आधारित कार्य करने के लिए देता है
(4) बच्चों को उनकी मौखिक प्रस्तुति के आधार पर श्रेणी देना

**103.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा में अर्थ के पहलुओं से संबंधित है?

(1) अर्थग्राम
(2) वाक्य-विन्यास
(3) आकृतिमूलक
(4) स्वनिम

**104.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा अधिगम का सिद्धांत **नहीं** है?

(1) शिक्षार्थियों की अधिगम के प्रति उपागमों की अपनी-अपनी प्राथमिकता हो सकती है
(2) भाषा सम्प्रेषण के लिए एक उपकरण है
(3) भाषा व्याकरण की संरचना/नियमों के कंठस्थीकरण के माध्यम से सीखी जाती है
(4) भाषा अधिगम में कौशल और ज्ञान दोनों में ही निपुणता शामिल है

**105.** कक्षा छः का एक अध्यापक श्यामपट्ट के बिलकुल मध्य में एक शब्द लिखता है और शिक्षार्थियों से उन सभी शब्दों के बारे में सोचने-विचारने के लिए कहता है, जो मध्य में लिखे इस शब्द से संबंधित हों। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(1) शिक्षार्थियों की शब्द-संपदा में सुधार करना
(2) व्याकरण के प्रति समझ बनाना
(3) पठन कौशल समृद्ध करना
(4) लेखन-कौशल समृद्ध करना

[ P.T.O.

Your Personal Exams Guide

**निर्देश :** नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **106–111**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

पर, त्राण कहाँ? किस्मत के लाखों भोग अभी तक बाकी हैं
धरती के तन में एक नहीं सौ रोग अभी तक बाकी हैं।
जल रही आग दुर्गंध लिए, छा रहा चतुर्दिक विकट धूम
विष के मतवाले कुटिल नाग निर्भय फण जोड़े रहे घूम।
द्वेषों का भीषण तिमिर-व्यूह, पग-पग प्रहरी है अविश्वास,
है चमू सजी दानवता की खिलखिला रहा है सर्वनाश।
पर, हो अधीर मत मानवते! पर हो अधीर मत मेरे मन!
है जूझ रही इस व्यूह-बीच धाती की कोमल एक किरण।

**106.** 'छा रहा चतुर्दिक विकट धूम' का आशय है
(1) चारों ओर बहुत कम धुआँ है
(2) चारों दिशाओं में भयंकर धुआँ है
(3) चारों ओर बहुत अधिक धुआँ है
(4) चारों कोनों में बहुत अधिक धुआँ है

**107.** बचाव/त्राण कहाँ है?
(1) कोमल किरण के जूझने में
(2) दानवता की चमू सजने में
(3) कुटिल नागों के घूमने में
(4) शेष बचे भोगों में

**108.** नागों का गुण नहीं है
(1) कुटिल होना
(2) घुमक्कड़ होना
(3) निर्भय होना
(4) विषैला होना

**109.** भिन्न शब्द चुनिए :
(1) कुटिल
(2) कोमलता
(3) मानवता
(4) दानवता

**110.** 'हो अधीर मत मानवते!' में _____ अलंकार है।
(1) उत्प्रेक्षा
(2) मानवीकरण
(3) उपमा
(4) रूपक

**111.** कवि अपने मन को अधीर होने से क्यों रोक रहा है?
(1) क्योंकि दानवता की चमू खिलखिला रही है
(2) क्योंकि धुआँ ही धुआँ है
(3) क्योंकि धरती की कोमल किरण जूझ रही है
(4) क्योंकि नाग घूम रहे हैं

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **112–120**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

एक तरफ यह लोक-साहित्य एवं लोक-विज्ञान की परम्परा है, तो दूसरी तरफ लोक-शास्त्र की परम्परा है। हम जानते हैं कि हमारे यहाँ स्मृतियों और श्रुतियों की परम्परा रही है। उसका आधार हमारी मौखिक शिक्षा परम्परा थी। मौखिक शिक्षा परम्परा हमारे घरों में एवं आश्रमों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती थी। घर भी गृहस्थ आश्रम ही हुआ करते थे। हर घर की एक शुचिता होती थी, मर्यादा होती थी। कुदरती संसाधनों के उपयोग की मर्यादा। स्वास्थ्य संबंधी हमारे सुदीर्घ अनुभवों से उपजी शुचिता। इसे हम जीते थे।

हमारी इस मौखिक परम्परा में भी शिक्षा न केवल कंठस्थ होती थी, बल्कि वह कंठस्थ के बाद हृदयस्थ होती थी और हृदयस्थ करने के बाद उदरस्थ होती थी। यही वजह थी कि हमारे ज़ेहन में वह रची-बसी शिक्षा पीढ़ियों तक ज़िंदा रहती थी। तब पूरा समाज एक-एक शास्त्र को जीता था। किताबों की भी जरूरत नहीं थी। हमारा समाज तब सामान्य और अनेक तरीके से इस परम्परा का पोषण करता था। एक-एक ग्रंथ तब एक-एक व्यक्ति या परिवार के साथ ज़िंदा रहता था। यही लोकशाला थी। एक स्वावलंबी एवं निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था। सर्व सुलभ लोकशाला। आज भी जरूरत इस बात की है कि हम लोकोन्मुखी बनें और लोकजीवन के प्रामाणिक अनुभवों को अपने सीखने का साधन एवं स्रोत बनाएँ। आज जरूरत इस बात की भी है कि हम समाज में जगह-जगह पर लोकशालाओं की स्थापना करें और वहाँ पर सत्तर बरस से ऊपर के लोगों के एक समुदाय को आमंत्रित कर उनसे सीखने के अलग-अलग उपक्रम एवं आयोजन करें। आवश्यकता इस बात की है कि हम विभिन्न विषयों पर इस अनुभव-सिद्ध समुदाय की बात सुनें और उनके अनुभवों से सीखने का मानस बनाएँ। लोक-मानस में गहरे अवगाहन के बिना हम छोटे-छोटे एवं बारीक-बारीक मगर साथ ही बेशकीमती अनुभवों की थाह नहीं पा सकेंगे। आवश्यकता है धैर्य और विश्वास की। बिना धीरज धरे हम लोकशालाओं का पूरा लाभ नहीं ले सकेंगे। यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि जिस अनुभव-सिद्ध समुदाय का मैं ज़िक्र कर रहा हूँ उसमें माताएँ तथा बहनें भी हैं तथा हमारे वयोवृद्ध कृषक, पशुपालक एवं कारीगर भाई लोग भी हैं। सभी जातियों और समुदायों के प्रति भी बराबरी का आस्था-भाव आवश्यक है और यह विश्वास भी जरूरी है कि सिखाने वाला सदा बड़ा होता है। यदि ऐसी आस्था के साथ हम लोकशालाओं में प्रवेश करते हैं, तो हमें ऐसी कई बातें सीखने को मिलेंगी जो आज तक विश्व की किसी भी पुस्तक का हिस्सा नहीं बन सकी हैं। तो फिर आइए, हम लोकशाला चलें।



**112.** लोकशाला के संदर्भ में किस बात की जरूरत नहीं है?
(1) लोकोन्मुखी बनने की
(2) लोकशालाओं में किताबी ज्ञान देने की
(3) लोकशालाओं में अनुभवी लोगों को बुलाने की
(4) लोकशालाएँ स्थापित करने की

**113.** लोकशाला में क्या सीखने को मिलेगा?
(1) पुस्तकेतर अनुभव-आधारित ज्ञान
(2) संसार में उपलब्ध समस्त ज्ञान
(3) गूगल या वेब पर उपलब्ध ज्ञान
(4) पुस्तकों में संकलित ज्ञान

**114.** गद्यांश के अनुसार अनुभव-सिद्ध समुदाय का अंग नहीं है
(1) वयोवृद्ध पशुपालक
(2) वयोवृद्ध कारीगर
(3) वयोवृद्ध कृषक
(4) वयोवृद्ध वैज्ञानिक

**115.** भिन्न शब्द पहचानिए :
(1) सजग
(2) साहित्य
(3) सुदीर्घ
(4) सायास

**116.** 'कुदरती संसाधनों के उपयोग की मर्यादा' का आशय है
(1) कुदरती संसाधनों का अनाप-शनाप उपयोग
(2) विकास के लिए कुदरती संसाधनों का दोहन
(3) आवश्यक होने पर ही कुदरती संसाधनों का उपयोग
(4) मनमर्जी से संसाधनों का उपयोग

**117.** 'लोकोन्मुखी' का संधि-विच्छेद है
(1) लोकोन्+मुखी
(2) लोक+उन्मुखी
(3) लोकोत्+मुखी
(4) लोक+ओन्मुखी

**118.** _____ की परम्परा का वर्णन नहीं है।
(1) लोक-विज्ञान
(2) लोक-गीत
(3) लोक-शास्त्र
(4) लोक-साहित्य

**119.** मौखिक परम्परा की विशेषता नहीं है
(1) शिक्षा का पीढ़ियों तक जीवित रहना
(2) शिक्षा का पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलना
(3) किताबों की जरूरत होना
(4) शिक्षा का कंठस्थ होना

**120.** लोकशाला के लिए उचित वक्तव्य है
(1) परिवार एक से अधिक ग्रंथों को जीवित रखता था
(2) शिक्षा उदरस्थ फिर हृदयस्थ होती थी
(3) समाज से इसके लिए शुल्क लिया जाता था
(4) यह स्वावलंबी एवं निःशुल्क शिक्षा देती थी

## PART—V

### LANGUAGE—II : ENGLISH

***Direction :*** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. Nos. 121–150)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only.

**121.** Between 12–18 months, children begin to produce a variety of recognizable single-unit utterances. This period, in which single terms are uttered for everyday objects, is called

(1) telegraphic speech
(2) holophrastic stage
(3) babbling
(4) cooing

**122.** Read the statements given below on reading and writing skills :

A : The understanding of and ability to read also affects the ability to write.

B : Reading and writing are separate processes and develop independent of each other.

Choose the correct option.

(1) A is correct but B is incorrect
(2) Both A and B are incorrect
(3) A is incorrect but B is correct
(4) Both A and B are correct

**123.** All languages have certain common properties. These are called

(1) language universals
(2) register
(3) dialect
(4) diglossia

**124.** Acceptance of linguistic diversity in a class will

(1) destroy the confidence of children leading to decreased imagination and creativity
(2) have no impact on the language learning
(3) boost up the confidence of children leading to increased imagination and creativity
(4) hinder in attaining language fluency

**125.** Which of the following is ***not*** the characteristic of print awareness as part of emergent literacy?

(1) Recognizing difference between letters and words
(2) Reading is done from left to right and top to bottom
(3) Starting to read full sentences
(4) Handling a book

**126.** Given below are the learning outcomes for reading skill at foundational stage :

A. Reads short passages accurately and fluently with appropriate intonation, pauses and voice modulation

B. Reads a few sentences of familiar words with accuracy

C. Reads short passages accurately with appropriate intonation and pauses

Arrange them in order of progression.

(1) B, C, A
(2) A, C, B
(3) C, A, B
(4) A, B, C



**127.** Which of the following is ***not*** the part of extensive listening?

(1) Listening for a main idea
(2) Making inferences
(3) Listening for certain facts and information
(4) Listening for the gist

**128.** Which of the following tasks ***cannot*** be used for assessment of reading skill?

(1) Multiple-choice questions based on the text read
(2) Picture-cued word identification
(3) Storytelling session by the teacher
(4) Read aloud

**129.** Which of the following statements correctly defines running dictation?

(1) Children work in pairs. A text is divided in half. One child reads their text for the partner which the other child writes. Two of them work out the whole text.
(2) Children work in pairs. The runner runs to see the text and dictate to the partner. The partner writes the text.
(3) Teacher dictates the word/text to the class and students note it.
(4) Students hear or read different parts of the text, then exchange information with others to complete the task.

**130.** "A child is born with the innate capacity to acquire language." This idea of language acquisition is supported by

(1) cognitivist
(2) social interactionist
(3) behaviourist
(4) nativist

**131.** In process writing approach, the element of the writing process during which writers formally share their work with the wider audience refers to

(1) publishing
(2) editing
(3) revising
(4) drafting

**132.** For dealing with difficult words in the text, a language teacher first converts the words into mother tongue and then asks the students to memorize them. She is using

(1) direct method
(2) structural approach
(3) communicative approach
(4) grammar-translation method

**133.** The space between what a learner can do without assistance and what they can do in collaboration with adults or more capable peers is termed as

(1) zone of proximal development
(2) zone of achievement
(3) distance learning
(4) level of maturity

**134.** An impairment of language function due to localized cerebral damage which leads to difficulty in understanding and/or producing linguistic forms is called

(1) dyslexia
(2) dyscalculia
(3) dysarthria
(4) aphasia

**135.** The process by which the language is passed from one generation to another is called

(1) productivity
(2) arbitrariness
(3) displacement
(4) cultural transmission

[ P.T.O.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Read the passage given below and answer the questions that follow :**

Legends will tell you that flamingoes are no ordinary visitors to Kachchh. They were the honoured guests of King Lakho and he had forbidden the hunting of flamingoes, which came to Kachchh from various parts of the world every year to breed. For centuries, the region had been a haven for the migratory bird. Today, Flamingo City, an island in the middle of the Rann of Kachchh, known the world over as one of the biggest breeding grounds of the Greater Flamingo, is strewn with bodies of hundreds of flamingo chicks. The parents of these chicks have fled the island due to lack of food. Zooplanktons, algae and the small fish that these birds survive on are dying due to a sudden increase in the salinity of the Rann waters. One can even see dead fish floating. Flamingoes need salt-encrusted, damp mud to build nests. The place where they build their nests has to be inaccessible to predatory cats and birds. It should also have sufficient food. The right mix of sweet and brackish water in the Rann is crucial for the proliferation of planktons and algae that the flamingoes feed on. Faced with starvation, flamingoes have fled the island leaving their chicks to fend for themselves. Till date, around a thousand flamingoes have died.

Maharaj Kumarshi Himmatsinghji, a member of the royal family of Kachchh and an expert on the birds of Kachchh, traces the problem of increased salinity in the Rann waters to the construction of dams on rivers that flow into the region. He emphasises that efforts should be made to ensure that at least some water flows into the Rann. In fact, over the years, the number of flamingoes coming to the island has decreased because of the change in salinity of the Rann water. In 1945, Salim Ali, the late ornithologist, had found 5 lakh birds on the island. Since then, the number has not gone above 2·2 lakh. However, the studies carried out on the Flamingo City so far cannot be taken as 100 percent accurate.

**136.** What has caused increased salinity in the Rann of Kachchh?

(1) Arrival of a large number of tourists
(2) Construction of dams on rivers that flow into the region
(3) A large number of hunting expeditions
(4) Arrival of flamingoes

**137.** Which one of the following words, as used in the passage, is similar in meaning to the phrase 'unable to be reached'?

(1) Inaccessible
(2) Migratory
(3) Proliferation
(4) Visitors

**138.** Which one of the following words is opposite in meaning to the word 'destruction'?

(1) Breeding
(2) Starvation
(3) Construction
(4) Honoured

**139.** Identify the clause in the underlined part of the sentence :

<u>When they were faced with starvation</u>, flamingoes fled the island leaving their chicks to fend for themselves.

(1) Adverb clause
(2) Noun clause
(3) Principal clause
(4) Adjective clause



**140.** Which part of the following sentence contains an error?

<u>The right mix of</u> (A) / <u>sweet and brackish</u> (B) / <u>water in the Rann are crucial</u> (C) / <u>for the proliferation of algae</u> (D).

(1) D
(2) C
(3) A
(4) B

**141.** The flamingoes are not ordinary visitors to Kachchh as

(1) they are very beautiful birds
(2) they have medicinal value
(3) they have been the honoured guests of King Lakho
(4) they come from Australia

**142.** Flamingo City is known

(1) as one of the biggest breeding grounds of the Greater Flamingoes
(2) for its beauty
(3) as the biggest island in the world
(4) as a hunting ground of flamingoes

**Read the passage given below and answer the questions that follow :**

One morning, the Emperor of China was feeling tired and sleepy. He had a lot of work to do but he could not keep his eyes open. "Perhaps I'm sick," he said to his servant. "Get my doctor!" When the doctor arrived, the Emperor said, "I have many things to do today, but I can't keep my eyes open. Can you help me?"

The doctor opened his bag and took out a small box. There were some dry, dark leaves inside the box. He gave them to the Emperor and asked him to chew them. "They will help you. They are called tea leaves," said the doctor.

The Emperor looked at the tea leaves; then he put them in his mouth and began to chew them. They didn't taste nice at all. The Emperor refused to have them and became angry at the doctor. He asked the doctor to leave else he would chop his head.

Just as the doctor was leaving, two servants came into the room. They were carrying the Emperor's bath. It was full of hot water. Some of the tea leaves that the doctor was carrying fell into the hot water and the water smelled wonderful.

The Emperor asked his servant to bring a cup of hot water. When the servant brought a cup of hot water, the Emperor put a few tea leaves in the water. It became a beautiful golden colour and smelt flavourful. The Emperor tasted the water. There was a big smile on his face.

[ P.T.O.

Prepp
Your Personal Exams Guide

Then he drank up all the water.

A few minutes later, he stopped feeling sleepy. He was fully awake, and he felt youthful and strong again. The Emperor smiled at the doctor and praised him for his cleverness. He ordered his servant to give him a cup of that wonderful drink every morning. Since that day, people have grown tea in China, India and in other parts of the world.

**143.** Read the following statements and write which of the options given below is correct :

A. As he was leaving the Emperor's room, the doctor dropped some tea leaves into the Emperor's bathwater on purpose.

B. The Emperor tasted the hot tea water and soon he started feeling sleepy.

(1) Only B is correct
(2) Both A and B are correct
(3) Both A and B are incorrect
(4) Only A is correct

**144.** The doctor gave the Emperor some _____ to help him stay _____.

(1) giloy leaves, fit
(2) tea leaves, awake
(3) tea leaves, sleepy
(4) neem leaves, awake

**145.** Which one of the following words is nearest in meaning to the word 'youthful'?

(1) Adult
(2) Experienced
(3) Young
(4) Elderly

**146.** Which one of the following words is opposite in meaning to the word 'flavourful'?

(1) Nice
(2) Bland
(3) Appetizing
(4) Yummy

**147.** Identify the clause in the underlined part of the sentence :

<u>When a few minutes had passed</u>, he stopped feeling sleepy.

(1) Adjective clause
(2) Noun clause
(3) Principal clause
(4) Adverb clause

**148.** Which of the following statements is ***not*** true?

(1) The Emperor tasted the water.
(2) There was a smile on his face.
(3) After drinking it, he started feeling weak and lifeless.
(4) When the servant brought the cup of hot water, the Emperor put some tea leaves into it.

**149.** Why did the Emperor call the doctor one morning?

(1) He was feeling tired and sleepy
(2) He wanted the doctor to give him some hot water
(3) He wanted to discuss about his health with the doctor
(4) He wanted to eat some medicinal leaves

**150.** The Emperor was angry because

(1) he couldn't chew the tea leaves
(2) the tea leaves weren't tasty
(3) the doctor gave him something that was inedible
(4) the tea leaves were covered with mud



## भाग—V

### भाषा—II : हिन्दी

**निर्देश :** परीक्षार्थी **भाग-V** (प्रश्न सं० **121** से **150**) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प हिन्दी चुना हो।

**121.** 12–18 माह की आयु के बच्चे पहचाने जाने योग्य एक इकाईवाली ध्वनियाँ निकालना शुरू कर देते हैं, यह अवधि जिसके अंतर्गत प्रतिदिन की वस्तुओं के लिए एक ही पदावली बोली जाती है, क्या कहलाती है?

(1) संक्षिप्त वाक् (टेलिग्राफिक)
(2) एक-शब्दीय वाक्य अवस्था
(3) बबलाना
(4) कूजन (कूइंग)

**122.** पठन और लेखन कौशलों पर नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A : पठन की समझ और योग्यता लेखन की योग्यता को प्रभावित करती है।

B : पठन और लेखन दोनों पृथक् प्रक्रियाएँ हैं और एक-दूसरे से स्वतंत्र होकर विकसित होती हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) A सही है लेकिन B गलत है
(2) A और B दोनों गलत हैं
(3) A गलत है लेकिन B सही है
(4) A और B दोनों सही हैं

**123.** सभी भाषाओं में कुछ सर्वसामान्य गुणधर्म होते हैं, इन्हें क्या कहा जाता है?

(1) भाषा सार्वभौमिक
(2) प्रयुक्ति
(3) बोलियाँ
(4) द्विभाषाकपिता (डिग्लोसिया)

**124.** किसी भी कक्षा में भाषिक विविधता की स्वीकार्यता

(1) बच्चों के आत्मविश्वास को क्षति पहुँचाएगी जिससे कल्पनाशीलता और रचनात्मकता में क्षति आएगी
(2) भाषा अधिगम में किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा
(3) बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी परिणामस्वरूप उनकी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता में वृद्धि होगी
(4) भाषा प्रवाह को प्राप्त करने में अवरोध पैदा करेगी

**125.** उद्गामी साक्षरता के संदर्भ में मुद्रित सामग्री के प्रति जागरूकता की कौन-सी विशेषता नहीं है?

(1) अक्षरों और शब्दों के मध्य अंतर की पहचान कर पाना
(2) बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे की ओर पढ़ पाना
(3) पूरे-पूरे वाक्य पढ़ना आरंभ करना
(4) पुस्तक पकड़ना

**126.** नीचे बुनियादी चरण के संदर्भ में पठन कौशल के अधिगम प्रतिफल दिए गए हैं, उन्हें अनुक्रम में व्यवस्थित करें।

A. संक्षिप्त खंड उपयुक्त तान-अनुतान, विराम, ध्वनि में उतार-चढ़ाव के साथ सटीकता और प्रवाह के साथ पढ़ते हैं।

B. परिचित शब्दों के कुछ वाक्यों को सटीकता के साथ पढ़ते हैं।

C. संक्षिप्त खंड उपयुक्त तान-अनुतान और विराम के साथ सटीकता से पढ़ते हैं।

सही विकल्प चुनिए।

(1) B, C, A
(2) A, C, B
(3) C, A, B
(4) A, B, C

**127.** निम्नलिखित में से कौन-सा विस्तृत (एक्सटेंसिव) श्रवण का भाग नहीं है?

(1) मुख्य विचार बिन्दु के लिए श्रवण
(2) निष्कर्ष निकालना
(3) कुछ तथ्यों व सूचनाओं के लिए श्रवण
(4) सारांश के लिए श्रवण

[ P.T.O.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**128.** निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य पठन कौशल के आकलन हेतु प्रयोग में नहीं लाया जा सकता?

(1) पढ़ी गई पाठ्य सामग्री के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्न (2) चित्र के माध्यम से संकेत आधारित शब्द सूचना

(3) अध्यापक द्वारा कथा वाचन (4) सस्वर पठन

**129.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जारी रहने वाले श्रुतलेख (रनिंग डिक्टेशन) को सही रूप में परिभाषित करता है?

(1) बच्चे दो-दो के समूह में कार्य करते हैं। पाठ्य सामग्री को दो अंशों में विभाजित किया जाता है। एक बालक अपने जोड़ीदार के लिए अपना अंश पढ़ता है, दूसरा बालक उसे लिखता है। समूची पाठ्य सामग्री के लिए दोनों मिलकर कार्य करते हैं।

(2) बच्चे दो-दो के जोड़ों में कार्य करते हैं। एक बालक दौड़कर पाठ्य सामग्री देखता है और अपने जोड़ीदार को श्रुतलेख बोलता है, जोड़ीदार उस सामग्री को लिखता है।

(3) अध्यापक समूची कक्षा को शब्दों/पाठ्यसामग्री का श्रुतलेख बोलता है, विद्यार्थी उसे नोट करते हैं।

(4) विद्यार्थी पाठ्य सामग्री के विभिन्न अंशों को पढ़ते हैं, तत्पश्चात् कार्य को पूरा करने के लिए एक-दूसरे के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं।

**130.** "बालक भाषा अर्जन की सहजात क्षमता के साथ जन्म लेते हैं।" भाषा अर्जन के इस विचार बिन्दु को किसके द्वारा समर्थन दिया गया है?

(1) संज्ञानात्मक वादी (2) सामाजिक अन्तःक्रियावादी

(3) व्यवहारवादी (4) प्राकृतवादी (नेटीविस्ट)

**131.** प्रक्रिया लेखन उपागम में लेखन प्रक्रिया का वह तत्त्व क्या कहलाएगा जिसके अंतर्गत लेखक औपचारिक रूप से अपने कार्य को बृहत् स्तर पर पाठकों के साथ साझा करते हैं?

(1) प्रकाशन (2) संपादन

(3) पुनरावृत्ति (4) प्रारूप तैयार करना

**132.** किसी पाठ्य सामग्री में आए कठिन शब्दों के संदर्भ में एक अध्यापक उस शब्द को मातृभाषा में बताता है और फिर विद्यार्थियों को पाठ करने के लिए कहता है। अध्यापक किस विधि का प्रयोग कर रहा है?

(1) प्रत्यक्ष विधि (डायरेक्ट) (2) संरचनात्मक उपागम

(3) सम्प्रेषणात्मक उपागम (4) व्याकरण अनुवाद विधि

**133.** एक शिक्षार्थी बिना मदद के क्या कर सकता है और किसी वयस्क या अधिक समर्थ सहपाठी के सहयोग से क्या कर सकता है, इन दोनों के बीच की स्थिति को क्या कहेंगे?

(1) निकटस्थ विकास का क्षेत्र (2) उपलब्धि का क्षेत्र

(3) दूरस्थ अधिगम (4) परिपक्वता का स्तर

**134.** प्रमस्तिष्क में क्षति के कारण भाषा के कार्य में विकार जिससे भाषिक स्वरूपों व नियमों को समझने और उत्पन्न करने में कठिनाई हो, उसे क्या कहेंगे?

(1) पठन वैकल्य (डिस्लेक्सिया) (2) गणन वैकल्य (डिस्कैलकुलिया)

(3) उच्चारण वैकल्य (डिसरथिया) (4) वाचाघात (अफेज़िया)

**135.** उस प्रक्रिया का नाम बताइए जिसके द्वारा भाषा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को स्थानांतरित होती है।

(1) उत्पादकता (2) यादृच्छिकता

(3) विस्थापन (4) सांस्कृतिक प्रसारण



निर्देश : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **136–142**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

समाज में पड़ते ही मनुष्य देखने लगता है कि उसकी स्थिति दोहरी हो गई है। वह देखता है कि मैं यह हूँ, और मैं बड़ा समझा जाता हूँ। इस विषय के साथ एक यह निश्चय और जुड़ जाने से कि मैं बड़ा समझा जाता हूँ मनुष्य के आनंद या सुख के अनुभव में वृद्धि होती है। इसी प्रकार मैं क्षुद्र हूँ इस धारणा के साथ मैं क्षुद्र समझा जाता हूँ इस धारणा के योग से दुःख के अनुभव की वृद्धि होती है। इस प्रकार स्थिति के एकांत और सामाजिक दो विभाग हो जाने से कोई तो दोनों विभागों पर दृष्टि रख सकते हैं और कोई एक ही पर। शक्तिशाली और प्रतिभा सम्पन्न मनुष्य पहले वह प्रयत्न करते हैं कि 'हम ऐसे हों'। फिर वैसे हो जाने पर यदि आवश्यक हुआ तो वे यह प्रयत्न भी करते हैं कि 'हम ऐसे समझे जाएँ'। इन दोनों के प्रयत्न जुदा-जुदा हैं। संसार में शक्ति सम्पन्न सब नहीं होते, इससे बहुत से लोग स्थिति के पहले विभाग के लिए जिन प्रयत्नों की आवश्यकता है उनमें अपने को असमर्थ देख दूसरे ही विभाग से किसी प्रकार अपना संतोष करना चाहते हैं और उसी पर दृष्टि रखकर प्रयत्न करते हैं। ईर्ष्या ऐसे लोगों के हृदय में बहुत जगह पाती है और उनके प्रयत्नों में सहायक भी होती है। भाव प्रवर्तन आदि के बल से जिस समुदाय के प्राणी परस्पर ऐसे बन गए हैं कि अपने इंद्रियानुभव और भावनाओं तक को जवाब देकर दूसरों के इंद्रियानुभव और भावनाओं द्वारा निर्वाह कर सकते हैं, उसी में ईर्ष्या का विकास हो सकता है। अतः ईर्ष्या का अनन्य अधिकार मनुष्य जाति ही पर है। एक कुत्ता किसी दूसरे कुत्ते को कुछ खाते देख उसे आप खाने की इच्छा कर सकता है, पर वह यह नहीं चाह सकता कि चाहे हम खाएँ या न खाएँ वह दूसरा कुत्ता न खाने पाए। दूसरे कुत्तों की दृष्टि में हमारी स्थिति कैसी है, इसकी चिंता उस कुत्ते को न होगी। अपने विषय में दूसरों के चित्त में अच्छी धारणा उत्पन्न करने का प्रयत्न अच्छी बात है। इस प्रयत्न को जो बुरा रूप प्राप्त होता है वह असत्य के समावेश के कारण, दूसरों की धारणा की अवास्तविकता और अपनी स्थिति की सापेक्षता के कारण, जब हम अपने विषय में दूसरों की झूठी धारणा और अपनी स्थिति के सापेक्ष रूप मात्र से संतोष करना चाहते हैं तभी बुराइयों के लिए जगह होती है और ईर्ष्या की राह खुलती है।

**136.** ईर्ष्या पर _____ का एकाधिकार है।

(1) जानवरों (2) मानव जाति

(3) न प्राणी जगत् का न मानव जगत् का (4) प्राणी जगत्

**137.** 'मानव की स्थिति दोहरी हो गई है' का आशय है

(1) जैसा हूँ वैसा ही समझा जाता हूँ (2) न समझता हूँ, न समझना चाहता हूँ

(3) कोई कुछ भी समझे मुझे फर्क नहीं पड़ता (4) जैसा हूँ वैसा नहीं समझा जाता

**138.** 'ईर्ष्या ऐसे लोगों के हृदय में जगह पाती है', का आशय है

(1) ऐसे लोगों के हृदय में ईर्ष्या छिपी रहती है (2) ऐसे लोगों का हृदय ईर्ष्या से भर जाता है

(3) ऐसे लोगों के हृदय में ईर्ष्या का घर होता है (4) ऐसे लोग ही ईर्ष्या करते हैं

**139.** सही कथन चुनिए :

(1) ईर्ष्या का बहुवचन रूप है इर्ष्याएँ। (2) ईर्ष्या का बहुवचन रूप है ईर्ष्यायों।

(3) ईर्ष्या का बहुवचन रूप नहीं होता। (4) ईर्ष्या का बहुवचन रूप है ईर्ष्ये।

**140.** "दृष्टि रखकर प्रयत्न करते हैं" में 'रखकर' _____ है।

(1) वर्तमानकालिक कृदंत (2) भूतकालिक कृदंत

(3) संयोजक (4) क्रिया

**141.** मनुष्य का दुःख बढ़ने का कारण है

(1) मैं जैसा हूँ उससे कम समझा जाता हूँ (2) मैं जैसा हूँ वैसा ही समझा जाता हूँ

(3) मैं समझा ही नहीं जाता हूँ (4) लोग मुझे कुछ नहीं समझते

**142.** मनुष्य के लिए आनंददायक है

(1) मैं जैसा हूँ उससे निम्न समझा जाता हूँ (2) मैं जैसा हूँ वैसा ही जाना जाता हूँ

(3) मैं जैसा हूँ उससे बड़ा समझा जाता हूँ (4) मैं जैसा हूँ उससे बहुत अधिक बड़ा समझा जाता हूँ

Prepp
Your Personal Exams Guide

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं॰ **143–150**) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

यह बात ध्यान देने की है कि ईर्ष्या व्यक्ति-विशेष से होती है। यह नहीं होता कि जिस किसी को ऐश्वर्य, गुण या मन से सम्पन्न देखा उसी से ईर्ष्या हो गई। ईर्ष्या उन्हीं से होती है जिनके विषय में यह धारणा होती है कि लोगों की दृष्टि हमारे साथ-साथ उन पर भी अवश्य पड़ती होगी। अपने से दूरस्थ होने के कारण अपने साथ-साथ जिन पर लोगों का ध्यान जाने का निश्चय नहीं होता उनके प्रति ईर्ष्या नहीं उत्पन्न होती। काशी में रहने वाले किसी धनी को अमेरिका के किसी धनी की बात सुनकर ईर्ष्या नहीं होगी। हिन्दी के किसी कवि को इटली के किसी कवि का महत्व सुनकर ईर्ष्या नहीं होगी। संबंधियों, बालसखाओं, सहपाठियों और पड़ोसियों के बीच ईर्ष्या का विकास अधिक देखा जाता है। लड़कपन से जो साथी एक साथ उठते-बैठते देखे गए हैं उन्हीं में से कोई एक-दूसरे की बढ़ती से जलता हुआ भी पाया गया है। यदि दो साथियों में से कोई किसी अच्छे पद पर पहुँच गया तो वह इस उद्योग में देखा जाता है कि दूसरा किसी अच्छे पद पर न पहुँचने पाए। प्रायः अपनी उन्नति के गुप्त बाधकों का पता लगाते-लगाते लोग अपने किसी बड़े पुराने मित्र तक पहुँच जाते हैं। जिस समय संसर्ग सूत्र में बाँधकर हम औरों को अपने साथ एक पंक्ति में खड़ा करते हैं उस समय सहानुभूति, सहायता आदि की संभावना प्रतिष्ठित होने के साथ ही साथ ईर्ष्या और द्वेष की संभावना की नींव भी पड़ जाती है। अपने किसी विधान से हम भलाई ही भलाई की संभावना का सूत्रपात करें और इस प्रकार भविष्य के अनिश्चय में बाधा डालें, यह कभी हो ही नहीं सकता। भविष्य की अनिश्चयात्मकता अटल और अजेय है। अपनी लाख विद्या-बुद्धि से भी हम उसे बिलकुल हटा नहीं सकते। अब ध्यान देने की बात यह निकली कि ईर्ष्या के संचार के लिए ईर्ष्या करने वाले और ईर्ष्या के पात्र के अतिरिक्त स्थिति पर ध्यान देने वाले समाज की भी आवश्यकता है। इसी समाज की धारणा पर प्रभाव डालने के लिए ही ईर्ष्या की जाती है; ऐश्वर्य, गुण या मन का गुप्त रूप से बिना किसी समुदाय को विदित कराए, सुख या संतोष भोगने के लिए नहीं।

**143.** किसी परिचित के प्रतिष्ठित हो जाने से
(1) हमें कोई फर्क नहीं पड़ता है
(2) हम उसे पहले से अधिक इज्जत देते हैं
(3) ईर्ष्या और द्वेष की नींव पड़ती है
(4) उसके विकास को रोकने का मन करता है

**144.** ईर्ष्या पैदा करने के लिए आवश्यक नहीं है
(1) किसी का ऐश्वर्य
(2) ईर्ष्या का पात्र
(3) स्थिति पर ध्यान देने वाला समाज
(4) ईर्ष्या करने वाला

**145.** 'सूत्रपात करना' का आशय है
(1) कुछ न करना
(2) प्रारम्भ करना
(3) समाप्त करना
(4) बहुत प्रयत्न करना

**146.** लड़कपन के साथी की बढ़ती से कोई
(1) खुश होता है
(2) द्वेष करता है
(3) सुखी होता है
(4) जलता है

**147.** 'पड़ोसियों' पड़ोसी संज्ञा का _____ रूप है।
(1) सामान्य बहुवचन
(2) तिर्यक बहुवचन
(3) तिर्यक एकवचन
(4) सामान्य एकवचन

**148.** उन्नति के गुप्त बाधक को खोजने पर हमें क्या पता चलता है?
(1) वह बालसखा था
(2) वह पड़ोसी था
(3) वह पुराना मित्र था
(4) वह सहपाठी था

**149.** हम ईर्ष्या किससे करते हैं?
(1) जिन्हें लोग हमारे साथ पढ़ता देखते हैं
(2) जिन पर लोगों की हमारे साथ दृष्टि पड़ती है
(3) जिन्हें लोग हमारे साथ नौकरी करते देखते हैं
(4) जिन्हें लोग हमारे साथ खेलता देखते हैं

**150.** _____ के बीच ईर्ष्या नहीं फूलती-फलती।
(1) पड़ोसियों
(2) दूर रहने वालों
(3) रिश्तेदारों
(4) सहपाठियों



**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

465444464

* * *



Prepp Your Personal Exam Guide